



## एक नजर में

### भगवान श्री विश्वकर्माजी का प्रकटोत्सव पर शोभा यात्रा निकलेगी

**रतलाम।** सृष्टि के रचियता भगवान विश्वकर्मा का प्रकटोत्सव गुजराती लोहार–सुथार पांचाल– समाज रतलाम द्वारा शहर के विभिन्न मार्गो से होकर भव्य शोभा यात्रा एवं विशाल वाहन रेली निकाल कर धार्मिक एवं सामाजिक परम्परा अनुसार उत्सव मनाया जाएगा। समाज अध्यक्ष संदीप समरथमल पांचाल द्वारा बताया गया कि भगवान श्री विश्वकर्माजी की बग्गी में झांकी सजाकर वाहनों द्वारा विश्वकर्मा मंदिर ओसवाल नगर से आरती पश्चात भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ कर शहर के मुख्य मार्ग दीनदयाल नगर, बाजना बस स्टैंड, खान बावड़ी, गोशाला रोड़, तोपखाना, पांचाल धर्मशाला हरदेव लाला, पहुंचेगी जहां पर पांचाल धर्मशाला में भगवान विश्वकर्मा जी प्रतिमा पर पुष्प माला से पूजा अर्चना कर आगे की ओर प्रस्थान करेगी जिसमें रानी जी के मंदिर, शहर सराय, लोकेंद्र टॉकीज, न्यू रोड होते हुए विश्वकर्मा कृपा धाम शास्त्री नगर पहुंचेगी। शास्त्री नगर स्थित विश्वकर्मा धाम में भगवान विश्वकर्मा जी के दर्शन कर, पूजा आरती करने के पश्चात पुन: भव्य शोभा यात्रा शास्त्री नगर से प्रारंभ होकर पावर हाउस रोड, सैलाना बस स्टैंड, राम मंदिर, अलका पूरी चौराहा, साक्षी पेट्रोल पंप, महेश नगर होते हुए, भगवान विश्वकर्मा मंदिर नयागांव पहुंचेगी। मिडिया प्रभारी महेश पांचाल ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि नया गांव स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर श्री विश्वकर्मा भगवान का पंचामृत – स्नान, अभिषेक, श्रृंगार, पुजा, हवन– महा आरती एवं महा प्रसादी साथ ही दिन भर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएगी उसके पश्चात अंत में भोजन प्रसादी का भी आयोजन रखा गया हैं। समाज अध्यक्ष संदीप समरथमल पांचाल एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने समाजजन से विशाल शोभायात्रा एवं वाहन रैली एवं अन्य सभी कार्यक्रमों में शामिल शामिल होने की अपिल की है।

### वार्ड क्रमांक 34 में बनेगी डामरीकरण सड़क, महापौर ने किया निर्माण कार्य का भूमि पूजन



**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 34 की विभिन्न सड़कों के डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर पोरवाल, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, क्षेत्रिय पार्षद योगेश पापटवाल, पार्षदगण व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा–अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि सन एण्ड साईन स्कूल के पास वाली सड़क, गीता मंदिर के पास वाली तीनो सड़क का डामरीकरण 15 लाख की राशि से किया जायेगा। कार्य पुरा होने पर नागरिकों को आवागमन में सुविधा होने के साथ क्षेत्र स्वच्छ, सुन्दर व विकसित दिखाई देगा। उन्होने कहा कि नगर निगम द्वारा नगर व नागरिकों के हित में विकास कार्य करा रही है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे अपने नगर को स्वच्छ सुन्दर बनाने हेतु अपना योगदान देवें। भूमि पूजन के अवसर पर पार्षद परमानन्द योगी, मंडल महामंत्री निखिल बोरीवाल, वार्ड संयोजक विपिन पोरवाल, निर्मल लुनिया, संदीप व्यास, अनुपम कुशवाह, कशमिरा पाठक, स्नेहलता धाकड़, जयदीप पापटवाल, ललित व्यास सहित क्षेत्रिय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### प्रतिभाओं को विकसित करने में शिक्षकों का और विद्यालय महत्वपूर्ण योगदान : शर्मा

**रतलाम।** विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र बहुमुखी प्रतिभाओं से संचित रहते हैं उनके सपने और सोचने की क्षमता कम नहीं होती है पढ़ाई के साथ–साथ अन्य हुनर में भी वे अग्रणी हो सकते हैं लेकिन इसके लिए शिक्षकों का भी रचनात्मक होना आवश्यक है प्रतिभाओं को निखारने की जवाबदारी शिक्षकों की है ग्रामीण अंचलों में पालकों के साथ–साथ विद्यालय वातावरण और शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण है जो ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकती है। उक्त विचार शासकीय माध्यमिक विद्यालय खारा खेड़ी में आयोजित वार्षिक उत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. सुलोचना शर्मा ने व्यक्त किये। आपने कहा कि प्रतिभा सिर्फ शहर में ही नहीं बसती है गांव भी हमारे अब काफी विकसित हो गए हैं संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रशासन के साथ–साथ शिक्षक भी अपनी दिलचस्पी के अनुसार बच्चों को उपलब्ध करा सकता है संगीत खेल और अन्य क्षेत्र में ग्रामीण प्रतिभाएं अपना हूंनर और निखार सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रंगकर्मी पूर्व प्राचार्य ओमप्रकाश मिश्रा ने कहा कि मैं प्रसन्न हु कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे कितने प्रतिभावान हैं नृत्य गीत गायन और अन्य गतिविधियां बच्चों में उत्कृष्ट संस्कार विकसित करते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दिनेश शर्मा शिक्षक सांस्कृतिक मंच अध्यक्ष ने कहा कि प्रतिभाओं की रफ्तार अभावो से नहीं रुकती है वह अपना स्थान बना ही लेती है बस आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें उचित मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त होता रहे प्रतिभाओं को तराशने का काम शिक्षक के हाथ में है सृजनशील शिक्षक हमेशा अपने बच्चों को प्रतिभावान बनाने में अग्रसर रहते हैं बच्चों की प्रतिभाएं बता रही है कि उन्होंने कितनी मेहनत की है। स्वागत उद्बोधन प्रधान अध्यापिका सुश्री ललिता कुशवाहा ने दिया। अतिथियों का स्वागत श्री नरेंद्र सिंह पवार, प्रकाश शुक्ला, सुल्तान सिंह चंद्रावत, मोहम्मद अयाज खिलजी सहित अनेक ग्रामीण जनों ने किया। संचालन नरेंद्र सिंह पवार तथा आभार विद्यालय छात्रों ने व्यक्त किया।

# पहाड़ी क्षेत्र में बर्फबारी का असर...सर्द हवाओं ने ठिठुराया

**रतलाम।** पहाड़ी क्षेत्र में हा रही बर्फबारी का असर अब जिले पर होने लगा हैं। शुक्रवार सुबह मौसम तो खुला लेकिन ठंडी सर्द भरी हवाओं ने सभी को कपकपा दिया। सूरज की लुकाछिपी बादलों के बीच चलती रही। धुप भी निकली। जिससे थोड़ी राहत

**पारा लुढका, लेकिन सूरज की चुकाछिपी से थोड़ी राहत**

मिली। दिन व रात का पारा लुढक़ने के साथ ठंडी हवाएं चली जिससे ठिठुरन बढ़ गई। शुक्रवार को सूर्यदेव और बादलों के बीच आंख मिचौली चली। मौसम विभाग ने पारे में और गिरावट आने के साथ कोहरे की संभावना जाहिर की है। मौसम में बदलाव के कारण अधिकतम तापमान 3.8 डिग्री तो रात का तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस गिरावट आई। वहीं जिले में गुरुवार को कोहरा छाया था। धूप भी दोपहर 12 बजे के बाद निकली थी। लेकिन शुक्रवार सुबह मौसम में बदलाव देखने को मिला। मौसम साफ होने से सुबह से धूप भी निकली। लेकिन सर्द हवाएं चलती रही। ठंडी हवाओं के कारण अधिकतम व न्यूनतम तापमान लुढ़का है। साथ ही कंपकपान वाली ठंड कायम है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री व रात का तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि इसके एक दिन पहले बुधवार को अधकितम तापमान 25.0 व न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। पिछले 24 घंटे में दिन तापमान 3.8 तो रात का तापमान 3 डिग्री सेल्सियस लुढ़का है।



**बारिश होने का पूर्वानुमान**

मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ी क्षेत्र में हो रही बफबारी का असर अब जिले में भी नजर आने लगा हैं। आगामी दिनों में हल्की बारिश होने की आशंका हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से फिर से बारिश का दौर शुरू हो सकता हैं। 31 जनवरी से 2 फरवरी को बारिश होने का पूर्वानुमान हैं।

# पंचायतों में समस्याएं सुनी, कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया

**रतलाम।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार की चिन्हित फ्लैगशिप योजनाओं में शत प्रतिशत सेचुरेशन प्राप्त करने हेतु ''प्रशासन गांव की ओर अभियान'' के तहत शुक्रवार

**प्रशासन गांव की ओर अभियान'' अंतर्गत बडायला माताजी क्लस्टर की ग्राम पंचायतों में हुई सुनवाई**

को सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने बडायला माताजी क्लस्टर अंतर्गत 16 ग्राम पंचायतों मे पहुँच कर आमजन की समस्याएं सुनी एवं समाधान योग्य समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

जिला स्तर एवं राज्य स्तर से समाधान योग्य समस्याओं को अनुश्रुवण पंजी मे दर्ज किया गया। क्लस्टर पंचायत मुख्यालय बडायला माताजी पर सभी पंचायतों के नोडल अधिकारियों की कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा ग्राम पंचायतवार समीक्षा की गई। भ्रमण के दौरान कलेक्टर के साथ एसडीएम सुनील जायसवाल, सीईओ जनपद पिपलौदा ब्रह्मस्वरूप हंस सहित जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं मैदानी शासकीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

वहीं प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत कलेक्टर मती मिशा सिंह ने शुक्रवार को पिपलौदा में निर्माणाधीन सिविल अस्पताल, सांदीपनी स्कूल एवं आईटीआई भवन का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

निर्माणाधीन सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में इलेक्ट्रिक एवं फायर सेफ्टी का काम स्वीकृति अनुसार करवाने, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम व्यवस्थित बनवाने एवं अस्पताल स्टाफ के रहने के लिए क्वाटर बनवाने का प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए। अस्पताल की बाउण्ड्रीवाल निर्माण के भी निर्देश दिए। बीएमओ को सतत निगरानी में मापदण्ड अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।



**स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण**

कलेक्टर मिशा सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपलौदा के निरीक्षण के दौरान ओ पी डी पर्ची काउन्टर की प्रक्रिया का अवलोकन किया। पैथालॉजी लेब पर जांच की प्रक्रिया देखी,उपचार एवं जांच करवाने आये मरीजो से चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया एवं डॉक्टर को मरीज की ओपीडी पर्ची पर बीमारी का नाम, ईलाज, जांच का पूरा विवरण लिखने के निर्देश दिए।



# शहीद दिवस पर पुलिस ने 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**रतलाम।** शहीद दिवस एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर रतलाम पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकियों पर 2 मिनट का मौन धारण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं समस्त शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। प्रत्येक पुलिसकर्मी को उनके विचारों को अपने व्यक्तिगत व व्यावसायिक जीवन में आत्मसात करना चाहिए। राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संविधानिक मूल्यों की रक्षा में सदैव प्रतिबद्ध रहना चाहिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी से आह्वान किया गया कि वे गांधीजी के आदर्शों को अपनाकर कर्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील एवं जनसेवक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में—अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम राकेश खाखा, सूबेदार श्रीमती मोनिका ठाकुर पुलिस लाइन एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# 9 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन रतलाम मंडल के अध्यक्ष प्रकाश व्यास द्वारा 9 सूत्रीय पेंशनरों कि समस्याओं को लेकर ज्ञापन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अविनाश कुमार को पेंशनरों की समस्याओं का ज्ञापन दिया। ज्ञापन की जानकारी देते हुए व्यास ने बताया किरेलवे बोर्ड एवं महाप्रबंधक कार्यालय के आदेश के अनुसार 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत होने वाले रेलकर्मियों को एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ देकर वेतन निर्धारण करना है तथा एरियर का भुगतान किया जाना है। ज्ञापन पर चर्चा के दौरान अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने बताया कि लगभग 700 से अधिक प्रकरणों पर कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन बच्चे हुए लगभग 20 प्रकरण जो की अर्पण के कारण लंबित है पर शीघ्र कार्रवाई अपेक्षित है तथा लगभग डेढ़ सौ प्रकरणों पर लेखा विभाग में कार्यवाही चल रही है।एक अन्य मांग के संदर्भ में बताया कि हर वर्ष ईयर एंडिंग पास के लिए सेवानिवृत कर्मचारी मंडल कार्यालय में अपना आवेदन देते हैं लेकिन अत्यधिक आवेदनों से कर्मचारियों पर दबाव कार्य का बढ़ जाता है इसलिए शीघ्र पास मिल सके ऐसी व्यवस्था करने का कष्ट करें। पेंशन प्रकरण अविवाहित पुत्री एवं विधवा पुत्री पर शीघ्र कार्रवाई हो जिससे परिवार लाभांवित हो सके। मंडल कार्यालय में पेंशनरों की समस्याओं से अवगत करने हेतु एक हेल्पलाइन नंबर दिया जाए जिससे पेंशनर अपनी समस्या से अवगत करा सके और चर्चा कर सके।अवसर पर ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स एवेलफेयर फेडरेशन रतलाम मंडल के अध्यक्ष प्रकाश व्यास कोषाध्यक्ष सुधीरकांत दुबे सदस्य यूंएल जायसवाल उपस्थित रहे।

### बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना

**रतलाम।** जिले में संचालित परियोजना एक्सेस टू जस्टिस के अंतर्गत जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोग से 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत गहन जागरूकता अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। अभियान के तहत बाल विवाह मुक्ति जागरूकता रथ को विधायक रतलाम ग्रामीण मथुरालाल डामर द्वारा हरी झंडी दिखाकर जिले के विभिन्न ग्रामों के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर बाल विवाह के विरुद्ध उपस्थितजन को शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का आयोजन वसुधा विकास संस्थान द्वारा किया गया। संस्था प्रतिनिधि जिला समन्वयक उमेश मेड़ा ने बताया कि बाल विवाह मुक्ति रथ आगामी 100 दिनों तक रतलाम जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बों, धार्मिक स्थलों, पुलिस थानों एवं विकासखंड मुख्यालयों का भ्रमण करेगा। इस दौरान संस्था के कार्यकर्ता समुदाय से संवाद कर बाल विवाह निषेध से संबंधित कानूनों की जानकारी साझा करेंगे। कार्यक्रम के अंत में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की सामूहिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विधायक रतलाम ग्रामीण मथुरालाल डामर, जिला समन्वयक उमेश मेड़ा, हेमेन्द्र सिंह, धन्नालाल डामर, सुरेश डामर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# महापौर ने धोलावाड़ व मोरवानी फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया



**एसटीपी प्लांट का भी किया निरीक्षण**

अमृत योजना के अन्तर्गत करमदी रोड में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने सीवरेज से ट्रीटेड किये गये पानी का पीएच लेवल व टीडीएस चेक किया जो सही पाया गया। उन्होने निर्देशित किया कि सीवेज ट्रीट होने के पश्चात निकलने वाले ट्रीटेड पानी का उपयोग बागवानी, सिंचाई, धुलाई तथा सभी प्रकार के निर्माण कार्यो में किया जाये ताकि ट्रीटेड पानी का सद्उपयोग होकर निगम को राजस्व प्राप्त हो। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री राहूल जाखड़, सहायक यंत्री सुहास पंडित, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, ब्रजेश कुशवाह आदि उपस्थित थे।

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** नगर के प्रत्येक नागरिक को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो इस हेतु महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अधिकारियों के साथ धोलावाड़ व मोरवानी फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

महापौर प्रहलाद पटेल ने मोरवानी में अमृत 2.0 के तहत निर्मित किये जा रहे 12 एमएलडी फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि इसका कार्य ग्रीष्म ऋतु से पूर्व पूर्ण किया जाये ताकि ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त मात्रा में नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। इस दौरान महापौर प्रहलाद पटेल ने प्लांट में फिल्टर किये गये पानी की लेब टेस्टिंग कराई तथा पानी को स्वंय पीकर परखा तथा पानी की गुणवत्ता को सही पाया।

**नियमित पानी की लेब टेस्टिंग और फिल्टर प्लांट की साफ–सफाई के दिए निर्देश**

उन्होने निर्देशित किया कि नियमित रूप से पानी की लेब टेस्टिंग की जाये तथा फिल्टर प्लांट की भी साफ–सफाई नियमित रूप से कराई जाये। इसके बाद उन्होने धोलावाड़ स्थित पम्पींग स्टेशन का अवलोकन करते हुए कहा कि नगर के प्रत्येक नागरिक को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम का दायित्व है इस हेतु पम्पींग स्टेशन को कार्यशील अवस्था में रखा जाये तथा मोटर पम्पों में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल दुरस्त कराया जाये। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री राहूल जाखड़, सहायक यंत्री सुहास पंडित, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, ब्रजेश कुशवाह आदि उपस्थित थे।

# शहरी चिकित्सा अधिकारी नहीं पहुंची बैठक में, नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिशु मृत्यु मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सीडीआर एम आई एस सॉफ्टवेयर में सभी शिशु मृत्यु मामलों की प्रविष्टि की जाए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की अध्यक्षता में प्रतिमाह शिशु मृत्यु मामलों के प्रकरणों की जांच की जाए। गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए रेफर करने से पहले चिकित्सा आधारित सेवाएं सुनिश्चित की जाए तथा अति आवश्यक होने पर ही प्रसव केंद्रों पर रेफर किया जाए। शहरी क्षेत्र के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रभात रंजन को बैठक से अनुपस्थित रहने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया जाए। एक वर्ष से कम आयु के शिशु मृत्यु मामलों और एक वर्ष से 5 वर्ष की आयु के शिशु मृत्यु मामलों की जानकारी पृथक प्रस्तुत की जाए। मातृ मृत्यु के मामलों की समीक्षा के दौरान मातृ– मृत्यु के सभा प्रकरणो में नोटिफिकेशन करने एवं मातृ मृत्यु के कारणो की गहन समीक्षा कर मातृ मृत्यु दर कम से करने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं के अनमोल पोर्टल पर कम उपलब्धि प्राप्त करने वाले विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों की एक–एक वेतन वृद्धि रोकने संबंधी कार्रवाई करने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन मामलों में गर्भवती महिलाओं के समग्र आईडी संबंधी समस्या हो वहां पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरीय निकाय एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से समक्ष मिलकर बीएमओ समस्या का निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को एक सप्ताह में कार्य पूरा करने के लिए चेतावनी पत्र जारी किया जाए। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करें तथा आवश्यक होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित करें। विकासखंड को सेक्टर आधार पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित रूप से चिकित्सा अधिकारियों द्वारा समीक्षा की जाए तथा कार्य में प्रगति लाई जाए। बी एम ओ का ड्यूटी रोस्टर प्रस्तुत किया जाए। शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओं में खून की कमी का मैनेजमेंट किया जाए, कलेक्टर ने कहा कि वह स्वयं शहरी क्षेत्र के संजीवनी क्लीनिक का निरीक्षण करेंगी।

कलेक्टर ने मुख्य रूप से शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर में कमी लाने, प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कार्य में प्रगति लाने तथा आयुष्मान वय वंदना योजना अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधौलिया ने बताया कि कुपोषित बच्चों की सूची स्वास्थ्य विभाग को प्रेषित कर दी गई है, बच्चों की स्क्रीनिंग के बाद उन्हें आवश्यक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाना है। डब्लू एच ओ के सर्विलांस ऑफिसर डॉ रितेश बजाज ने नियमित टीकाकरण की चेकलिस्ट कार्य में उपलब्धि शिशुओं में होने वाली बीमारियों उनका सर्विलेंस आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने अगले सप्ताह पुन: समीक्षा बैठक आयोजित करने तथा कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे, मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ अनीता मुथा, सिविल सर्जन डॉ एम एस सागर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ वर्षा कुरील, डीपीएम मती अर्चना राठौर, जिला एम एंड ई अधिकारी सुश्री श्वेता बागड़ी, डीसीएम कमलेश मुवेल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ममता शर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ए पी सिंह, डॉ प्रमोद प्रजापति, डिप्टी मीडिया अधिकारी श्रीमती सरला वर्मा आदि उपस्थित रहे।

**मांग** — सोशल वर्कर डॉ. मदनलाल गांगले ने की मांग

# जन सुरक्षा के लिए पिपलौदा रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाएं



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** जन सुरक्षा को लेकर अति व्यस्तम पिपलौदा रोड़ पर शीघ्र स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग उठी हैं। अति व्यस्तम क्षेत्र होने से हादसे हो रहे है और आमजनों की जान पर बन रही हैं। ऐसे में यहां शीघ्र ही स्पीड ब्रेकर बनाकर गति पर लगाम लगाई जानी चाहिए। सोशल वर्कर डॉ. मदनलाल गांगले ने बताया कि नगर की यातायात की दृष्टि से अति व्यस्तम चौपाटी ( जहां नगर का बाहरी बायपास नहीं होने के कारण ) अक्सर आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उक्त चौपाटी से लगे, सैलाना, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ की ओर जाने वाले पिपलौदा रोड़ पर भी यातायात का काफी दबाव दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। इस वज़ह से पिपलौदा रोड़ पर भी अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं तथा पिपलौदा रोड़ से लगी घनी आबादी की कालोनियों के रहवासियों को फर्राटे और तेज गति से दौड़ते वाहनों से हमेशा ही दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। कॉलोनी की महिलाएं और स्कूल के बच्चे बहुत परेशानी में है वह एकदम से रोड पार नहीं कर पाते हैं। रोड़ चौड़ा होने के बावजूद भी रोड़ पार करने में भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि रोड़ के दोनों तरफ आते जाते समय खड़े किए जाने वाले अनावश्यक वाहनों, बेतरतीब पार्किंग, की वज़ह से रोड़ एकदम सकडा और छोटा हो जाता है। और जाम लगने की नौबत भी आ जाती हैं ! ऐसे में राहगीरों और कालोनियों के रहवासियों को भी आने जाने में बहुत ज्यादा परेशानियों और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**हो रही दुर्घटनाएं**

उक्त चौपाटी से लगे, सैलाना, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ की ओर जाने वाले पिपलौदा रोड़ पर भी यातायात का काफी दबाव दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। इस वजह से पिपलौदा रोड़ पर भी अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं तथा पिपलौदा रोड़ से लगी घनी आबादी की कालोनियों के रहवासियों को फर्राटे और तेज गति से दौड़ते वाहनों से हमेशा ही दुर्घटनाओं का भय बना रहता है।